जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/एफ/प्रशा/प्रवेश/2023/7275 दिनांक 09/08/023

आदेश

अपर सचिव म0प्र0 शासन उच्चशिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक 23–13/2019/38–02 भोपाल दिनांक 04/08/2023 के संदर्भ में आज़ादी का अमृत महोत्सव समापन समारोह "हर घर तिरंगा" अभियान का क्रियान्वयन कार्यक्रम के तहत भारत सरकार द्वारा दिनांक 13 से 15 अगस्त 2023 की अवधि से "हर घर तिरंगा" अभियान के क्रियान्वयन हेतु जारी निर्देशों के अनुक्रम में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के माध्यम से जन सामान्य में देश भक्ति की भावना जागृत किया जाने हेतु "हर घर तिरंगा" अभियान के अन्तर्गत निम्नानुसार निर्देश जारी किये जाते हैं।

1. सभी जिलों में अग्रणी महाविद्यालय जिले के अधीनस्थ महाविद्यालयों के साथ बैठक आयोजित कर महाविद्यालय स्तर पर किये जाने वाले कार्यक्रमों की व्यापक रूपरेखा तैयार कर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये।
2. विश्वविद्यालय/सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य महाविद्यालय स्तर पर झण्डों के निःशुल्क वितरण हेतु स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से आवश्यक मात्रा में झण्डों की उपलब्धता सुनिश्चित करें।
3. सोशल मिडिया के माध्यम से "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया जाए।
4. वेबसाईट www.harghartiranga.com पर सेल्फी/छायाचित्र अपलोड किये जाने हेतु प्रचार – प्रसार किया जाए।
5. महाविद्यालयों में स्थापित नेशनल कैडेट कोर /राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाईयों के माध्यम से "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए।
6. विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों मे शिक्षकों के नेतृत्व में राष्ट्रीय ध्वज के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम व विशेष असेम्बली का आयोजन किया जाए।

आदेशानुसार

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निर्देशक समस्त अध्ययनशालाये जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर की और सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. अधिष्ठाता छात्रकल्याण जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. समस्त अधिकारी /समस्त अधीक्षक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
5. कुलपति के सचिव जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
6. श्री मनंथ बरथरिया, प्रभारी आई.टी. सेल।

सहा0/उप–कुलसचिव (प्रशा0)

Scanned with OKEN Scanner